## न्यूज फ्लैश

### नवाचार को मिली नई उड़ान और मैन्युफैक्चरिंग की नई परिकल्पना

**दिल्ली-एनसीआर** - दक्षिण एशिया के प्रमुख परिधान निर्माण प्रौद्योगिकी मंच गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो के 39वें संस्करण का India Expo Centre & Mart में उद्घाटन किया गया। यह चार दिवसीय प्रदर्शनी परिधान उत्पादन के पूरे इकोसिस्टम को एक साथ लाती है और नवाचार, दक्षता तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने में विशेष भूमिका निभाती है। उद्घाटन समारोह में कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. राकेश कुमार, चेयरमैन, इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड; एचकेएल मगु, सदस्य (वित्तीय बजट), अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सेक्टर स्टेट काउंसिल ऑफ अपैरल एंड मेडअप्स एवं एमडी, ज्योति अपैरल्स; ललित ठाकुराल, प्रेसिडेंट, नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (ठअएउ); रक्षित पोद्दार, प्रेसिडेंट, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (ऋएअफ); अनिल आनंद, मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि चंद आनंद एंड कंपनी; सुंदर बेलानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चेयरमैन, रामसंस गारमेंट फिनिशिंग इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड; तथा एम.एल. जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, गॉज ग्रुप सहित अन्य वरिष्ठ उद्योग नेता शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. राकेश कुमार, चेयरमैन, इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड ने कहा, “GTE एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है, जहाँ उद्योग से जुड़े सभी हितधारक एक साथ आकर अत्याधुनिक तकनीकों को देखते हैं और समझते हैं कि उनका उपयोग परिधान वैल्यू चेन को किस प्रकार रूपांतरित कर सकता है।एचकेएल मगु, सदस्य (वित्तीय बजट), अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सेक्टर स्टेट काउंसिल ऑफ अपैरल एंड मेडअप्स एवं एमडी, ज्योति अपैरल्स ने टिप्पणी करते हुए कहा, परिधान उद्योग में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, GTE जैसे मंच तकनीक को तेजी से अपनाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।इस वर्ष के संस्करण में 200 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जो 650 से अधिक ब्रांड्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, और इसमें 15,000 से अधिक ट्रेड विज़िटर्स के आने की उम्मीद है, जिनमें परिधान निमार्ता, निर्यातक, सोर्सिंग प्रोफेशनल्स और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। प्रदर्शनी में उन्नत मशीनरी, CAD/CAM सिस्टम्स, डिजिटल टेक्सटाइल प्रिंटिंग, फिनिशिंग टेक्नोलॉजीज, ट्रिम्स, एक्सेसरीज तथा अगली पीढ़ी के उत्पादन समाधान प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

### बजाज फिनसर्व धुनिवर्स, 31 मार्च को शंकर-एहसान-लॉय के साथ, ह्यवॉइस ऑफ नेशन का करेगा अनावरण

**करनाल ।** बजाज फिनसर्व ने आज अपने डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के भव्य समापन की घोषणा की, जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में वॉइस ऑफ द नेशन का खिताब दिया जाएगा। पिछले छह महीनों में, बजाज धुनिवर्स म्यूजिक डिस्कवरी के लिए एक विश्वसनीय, टेक्नोलॉजी-आधारित माध्यम के रूप में उभरा है, जिसने 60,000 से अधिक प्रतिभागियों, मेट्रो शहरों से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक के प्रतिभागियों को ऑडियो और वीडियो सबमिशन के माध्यम से ऑडिशन देने और शंकर-एहसान-लॉय द्वारा खोजे जाने का अवसर प्रदान किया।ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिन्हें शंकर-एहसान-लॉय द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है। विजेता को शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह-निर्माण करने और जी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट मानव मियानवाल ने कहा, हमारे लिए यह जरूरी है कि हम ऐसे प्लेटफॉर्म्स में निवेश करें, जो संभावनाओं को पहचानें और नए रोल मॉडल तैयार करें। हम परफॉर्मिंग आर्ट्स, खेल, टेक्नोलॉजी और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखे हुए हैं, और बजाज धुनिवर्स हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं में से एक है। पहले वर्ष में मिली प्रतिक्रिया हमें इसे दूसरे वर्ष में और बड़ा और बेहतर बनाने का विश्वास और प्रोत्साहन देती है।ह्यइस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, शंकर महादेवन ने कहा, बजाज धुनिवर्स की सबसे खास बात यह रही कि इसका उद्देश्य भारत के हर कोने से संगीत प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें आगे लाना है। डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण ने भागीदारी को वास्तव में समावेशी बनाया है और ऐसी असाधारण आवाजों को सामने लाया है, जिन्हें सुना जाना चाहिए। एहसान नूरानी ने कहा,मूल्यांकन के दौरान हमने जिस स्तर, गहराई और प्रतिबद्धता को देखा, वह असाधारण था। देशभर से आने वाली प्रतिभा की गुणवत्ता वास्तव में प्रेरणादायक रही है।

# पानीपत: केमिकल टैंक की सफाई के लिए उतरे दो भाइयों की मौत

**दर्दना**

वहां मौजूद अन्य साथियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे बेहोश हो चुके थे

**पानीपतटीम एक्शन इंडिया**
गुरुवार को यहां एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में केमिकल टैंक की सफाई करने उतरे दो युवकों की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। जो बिना सेफ्टी किट के टैंक की



सफाई के लिएज उतरे थे। कुछ देर में ही उन पर बेहोशी छाने लगी। वहां मौजूद अन्य साथियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे बेहोश हो चुके थे। दोनों को सीपीआर देकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इसके बाद दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दोनों युवक यूपी के रहने वाले थे और आपस में चचेरे भाई थे। दोनों कामकाज के लिए रोजाना कैराना से पानीपात आते जाते थे। उधर, पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार यह हादसा जलालपुर रोड स्थित मयूर टेक्सटाइल फैक्ट्री में गुरुवार की दोपहर को हुआ। मृतकों की पहचान कैराना निवासी शिवम और नितिन के रूप में हुई। दोनों की उम्र 18-19 साल थी। दोनों चचेरे भाई थे।

पुलिस के अनुसार गुरुवार की दोपहर बाद दोनों मयूर टेक्सटाइल फैक्ट्री में काम के लिए आए थे। आरोप है कि यहां फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों ने इन दोनों भाइयों को 20 फीट गहरे केमिकल टैंक में साफ सफाई करने के लिए उतार दिया। टैंक में फैक्ट्री से निकलने वाला अवशेष केमिकल था। फैक्ट्री में टैंक की सफाई योग्य कोई उपकरण नहीं थे। दोनों युवकों को बिना सेफ्टी किट के ही टैंक में सफाई करने के लिए उतार दिया।

## महेंद्रगढ़ के कमल टांक बने आरबीआई मैनेजर

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
महेंद्रगढ़ शहर के युवा कमल टांक ने भारतीय रिजर्व बैंक में मैनेजर (ग्रेड-बी) के पद पर चयनित होकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और विभिन्न सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

कमल टांक के पिता रमेश टांक ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि उनके बेटे ने यह सफलता एक अत्यंत कठिन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से हासिल की है। यह परीक्षा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें सीमित पदों के लिए लाखों अभ्यर्थी भाग लेते हैं। इस वर्ष कुल 75 पदों पर भर्ती की गई, जिनमें कमल ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कमल टांक वर्तमान में नई दिल्ली स्थित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के तहत नौसेना कार्यालय में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। अब उनका चयन आरबीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में होने से उनके करियर को नई ऊंचाई मिलेगी।

उनकी सफलता पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी।

भारत विकास परिषद, बाल चरित्र निर्माण सभा, सैनी सभा, ब्राह्मण सभा, हैप्पी स्कूल के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, बालाजी जनसेवक मंडल, स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र तथा प्रजापति समाज सुधार सभा सहित अनेक संगठनों ने कमल टांक की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## गुरुग्राम: सिलेंडर से वार करके पत्नी की करी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
यहां एक पति ने आपसी कहासुनी में अपनी पत्नी की सिलेंडर से वार करके हत्या कर दी। पुलिस ने इस हत्याकांड में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च 2026 को थाना बजघेड़ा में साहिब कुंज चौमा फाटक के पास एक मकान में एक महिला के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस टीम द्वारा सीन ऑफ क्राइम, फिंगरप्रिंट टीमों को बुलाकर घटना स्थल का निरीक्षण करवाया गया। इस मामले में मकान के मालिक ने पुलिस टीम को शिकायत देकर कहा कि उसने 20 मार्च 2026 को सुनील नामक व्यक्ति को कमरा किराए पर दिया था। इस कमरे में सुनील का जीजा जीवन रहता था। जिसके कहने पर ही उसने सुनील को किराए पर कमरा दिया था। 23 मार्च 2026 को जीवन, सुनील के कमरे पर आया था और 24 मार्च 2026 को सुनील की पत्नी गुंजन का शव खून से लथपथ कमरे में पड़ा हुआ था। सुनील व जीवन ने मिलकर गुंजन की हत्या की है। इस शिकायत पर थाना बजघेड़ा में पुलिस ने केस द र्ज करके जांच शुरू की। पुलिस टीम ने इस हत्याकांड में आरोपी पति सुनील को गुरुवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। आरोपी सुनील गांव कांचा जिला समस्तीपुर (बिहार) का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सुनील तथा उसकी पत्नी गुंजन का झगड़ा होता रहता था। 23 मार्च की रात को आरोपी सुनील व उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। जिस पर आरोपी ने सिलेंडर से वार करके अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## गौशाला में बाबा की हत्या, सेवादार फरार

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के जींद जिले के नरवाना खंड के गांव दनौदा कलां स्थित गौशाला में बुधवार देर रात एक सेवादार ने कहासुनी के बाद 60 वर्षीय गूंगा-बहरा बाबा सतबीर को ईंटों से मारकर हत्या कर दी। आरोपित सेवादार सतपाल घटना के बाद फरार हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, गांव दनौदा कलां गौशाला के अन्न क्षेत्र में 60 वर्षीय बाबा सतबीर पिछले काफी वर्षों से रह रहा था और वह गूंगा तथा बहरा भी था। बाबा गौशाला में गऊओं की देखरेख भी करता था। बुधवार देर रात बाबा सतबीर की गौशाला सेवा करने वाले गांव दनौदा कलां निवासी सतपाल से कहासुनी हो गई। जिस पर सतपाल ने बाबा सतबीर पर ईंटों से वार कर दिए। जिसमें बाबा सतबीर की मौत हो गई।

## दो कारों की भिड़ंत में एक कार चालक की मौत

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
गांव गुलकनी के निकट बुधवार रात जींद-हांसी मार्ग पर दो कारों के बीच हुई भिडंत में एक कार चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार दूसरी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रिषी नगर हिसार निवासी दलीप सिंह अपनी कार में सवार हो कर जींद की तरफ आ रहा था। गांव गुलकनी के निकट सामने से आ रही ब्रेजा गाड़ी ने उसकी कार को टक्कर मार दी। जिसमें दलीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर दूसरा गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों द्वारा गंभीर रूप से




घायल दलीप को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान दलीप की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे संदीप की शिकायत पर फरार ब्रेजा गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया की दो कारों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की हिसार के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# फरीदाबाद: नवविवाहिता ने फिनाइल पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कोशिश**

उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। करीब डेढ़ महीने पहले ही युवती की शादी हुई है।



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के दो नंबर इलाके में ससुराल में मिल रहे तानों और घरेलू झगड़ों से परेशान होकर एक नवविवाहिता ने गुरुवार को फिनाइल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने समय रहते उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां फिलहाल सिविल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। करीब डेढ़ महीने पहले ही युवती की शादी हुई है।

जानकारी के अनुसार इंद्रजीत तीन नंबर इलाके की रहने वाली है। उसकी शादी चार फरवरी को दो नंबर इलाके के रहने वाले राहुल नाम के युवक के साथ दोनों परिवारों की सहमति से बड़े ही धूमधाम के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इंद्रजीत का आरोप है कि शादी के करीब पांच दिन बाद से ही उसका पति राहुल और उसकी सास उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर ताने देने लगे और अक्सर झगड़ा करने लगे। खाना बनाने को लेकर भी उसे अक्सर ताने दिए जाते थे, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थी। बुधवार शाम इन सभी बातों से परेशान होकर इंद्रजीत ने फिनाइल पी लिया। फिनाइल पीने के बाद उसने अपने माता-पिता को फोन कर इस बारे में जानकारी दी।

सूचना मिलते ही उसके माता-पिता तुरंत उसके ससुराल पहुंचे। वहां पहुंचने पर इंद्रजीत अपने कमरे में रो रही थी और बार-बार कह रही थी कि उसने फिनाइल पी लिया है। इसके बाद परिजन तुरंत उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे और वहां भर्ती कराया, जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। इंद्रजीत के पिता त्रिलोकचंद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 4 फरवरी को बड़े ही धूमधाम से की थी और अपनी हैसियत से ज्यादा सामान ससुराल वालों को दिया था। लेकिन शादी के 5-6 दिन बाद से ही उनकी बेटी को परेशान किया जाने लगा था।

उन्होंने बताया कि चार दिन पहले भी ससुराल में झगड़ा हुआ था और बेटी के साथ मारपीट की गई थी। उस समय दोनों परिवारों के लोग बैठकर बातचीत के जरिए मामला शांत करवाया गया था। दो नंबर चौकी इंचार्ज सुदर्शन कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार और नवविवाहिता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और परिवार की ओर से शिकायत भी मिल गई है।

## अमेजन इंडिया ने अपने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया

**पलवल।** अमेजन इंडिया ने आज हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिलों में महिलाओं पर केंद्रित अपने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों, बैंकिंग पार्टनर्स और सामुदायिक लीडर्स ने हिस्सा लिया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और स्थानीय स्तर पर रोजगार व आजीविका को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला माह 2026 के हिस्से के रूप में, कंपनी ने गुरुग्राम में डेयर टू ड्रीम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे महिला उद्यमी वित्तीय साक्षरता, सही मार्गदर्शन और सामुदायिक नेटवर्क की मदद से अपने बिजनेस को बढ़ा रही हैं, अपनी आमदनी सुधार रही हैं और अपने समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। अमेजन इंडिया के सहयोग से और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, शी एंड वीइ्र वुमेन एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन और रीड इंडिया के साथ मिलकर चलाए जा रहे ये कार्यक्रम अमेजन के ऑपरेशंस वाले क्षेत्रों के आसपास सक्रिय हैं। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना, नए अवसरों तक उनकी पहुँच आसान बनाना और समुदाय के नेतृत्व वाले विकास को मजबूत करना है। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर - एएमजेडएल, इंडिया ऑपरेशंस, सलीम रफीक मेमन ने कहा, एक अच्छे पड़ोसी के रूप में हमारा दृष्टिकोण समुदायों की मदद करने और उन क्षेत्रों में निवेश करने पर है जो स्थायी और सार्थक बदलाव लाते हैं। आज का कार्यक्रम गुरुग्राम और नूंह की महिला उद्यमियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व का जश्न मनाता है, जो अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं।

## नारनौल में ठेके की आड़ में अवैध शराब का भंडाफोड़

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
। जिले के कपूरी गांव में ठेके की आड़ में अवैध शराब बेचने के मामले का पुलिस ने पदार्फाश किया है। सीआईए महेंद्रगढ़ और आबकारी विभाग नारनौल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से ठेके पर काम करने वाले सेल्समैन को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि गांव कपूरी स्थित शराब ठेके के पास बने एक टिन शेड के खोखे में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का स्टॉक छिपाकर रखा गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीआईए और आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से 115 पेटियां, नौ क्वार्टर और 56 निप्स शराब बरामद की।

## उपायुक्त ने निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल**
उपायुक्त अपराजिता ने गुरुवार को ब्लॉक पूंडरी में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

एजेंसी प्रतिनिधियों ने डीसी को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीसी ने



भवन में बन रहे कमरों, कोर्ट रूम, सीएससी सेंटर, कॉमन रूम और पटवार भवन का एक-एक कर अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस तहसील कार्यालय के निर्माण से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा और राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित तहसील कार्यालय से अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर व सुव्यवस्थित कार्य वातावरण मिलेगा, जिससे विभागीय कार्यों में गति आएगी और कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी।

डीसी अपराजिता ने प्रथम तल पर बन रहे तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन में राजस्व रिकॉर्ड के सुरक्षित रख-रखाव के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा डीसी ने तहसील कार्यालय में लिफ्ट, सर्वर रूम, डाटा सेंटर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) रूम और शौचालयों की व्यवस्था की भी नक्शे के माध्यम से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कैथल: पुलिस टीम पर हमला करने के आरोपी दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल**
स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने 19 मार्च को गांव चौशाला में हुई मुठभेड़ के मामले में गुरुवार को दो कुख्यात शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 19 मार्च को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) मोहाली को गुप्त सूचना मिली थी कि 18 मार्च को सेक्टर-9 चंडीगढ़ में चरणप्रीत उर्फ चिन्नी की हत्या में शामिल मुख्य शूटर फिरोजपुर निवासी राजन पहलवान निवासी फिरोजपुर और उसका साथी नवांशहर निवासी प्रीतम शाह कैथल जिले



के गांव चौशाला में हथियारों के साथ छिपे हुए हैं।

सूचना के आधार पर एजीटीएफ पंजाब और एसटीएफ करनाल की संयुक्त टीम ने गांव चौशाला में दबिश दी थी। पुलिस को देखते ही तीन युवक भागने लगे, जिनमें से गांव चौशाला निवासी साहिल को मौके पर ही काबू कर लिया गया था। वहीं, दो आरोपी एक कमरे में घुस गए और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने लगातार गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा करते हुए नीचे की ओर फायरिंग की, जिससे दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और वे घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया।

मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ करनाल के एसआई प्रवीण कुमार और एक अन्य कर्मचारी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके से अवैध पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजन पहलवान और प्रीतम शाह के रूप में हुई थी, जो एक संगठित अपराध गिरोह के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। दोनों विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित थे। घायल अवस्था में उन्हें नागरिक अस्पताल कैथल में भर्ती कराया गया था, जहां से डिस्चार्ज होने के बाद स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी गांव चौशाला निवासी साहिल के घर पर छिपे हुए थे, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में थाना कलायत में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई मुकेश कुमार के नेतृत्व में एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों और आपराधिक वारदातों के बारे में महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

# चोरों ने ताला तोड़कर की लाखों की चोरी

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
यहां विकास नगर स्थित एक घर का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी सहित कीमती आभूषण चोरी कर लिए। विकास नगर में चोरों ने किराए पर रहने वाले एक युवक के कमरे का ताला तोड़कर नगदी समेत करीब डेढ लाख रुपए के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का पता चलते ही युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में विकास नगर में किराए पर रहता हैं। ओमबीर के अनुसार, उसने अपनी बचत करके 65 हजार रुपए कमरे में रखे थे। 25 मार्च की




सुबह वह हमेशा की तरह कमरे पर ताला लगाकर काम पर चला गया था। शाम को जब वह काम से वापस कमरे पर लौटा, तो उसे कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखे 65 हजार रुपए नकद, उनकी पत्नी के सोने के कुंडल, मंगलसूत्र और चांदी की पाजेब गायब थे। थाना सेक्टर 29 प्रभारी सुभाष ने बताया कि गुरुवार को ओमबीर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है।

